
# प्रधानमंत्री मोदी आज बुंदेलखंड में जवानों-किसानों को बड़ी सौगातें देंगे

महोबा/झांसी/लखनऊ | हिटी

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का 193वां जन्मदिन बुंदेलखंड और भारतीय सेना के लिए ऐतिहासिक होगा। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस शौर्य भूमि पर किसानों-जवानों को तमाम बेशकीमती सौगातें देंगे। इनकी कुल लागत करीब 6600 करोड़ है।

प्रधानमंत्री मोदी महोबा में चार बांधों को जोड़ने वाली अर्जुन सहायक परियोजना के साथ 3263 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वे झांसी में डिफेन्स कॉरिडोर के पहले प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। यहां टैंक रोधी मिसाइल व हल्के हेलीकाप्टर बनेंगे। यहीं वह मेगा सोलर पार्क समेत सबसे हल्का स्वदेशी हेलीकॉप्टर, वारफेयर सूट समेत तमाम सैन्य आयुध व उपकरण देंगे। इनकी लागत 3414 करोड़ है। जनसभाओं से बुंदेलखंड में भाजपा की सियासी जमीनी तैयार होगी।

झांसी का किला देखेंगे पेज 14



## 66 अरब की परियोजनाएं

- झांसी में रखेंगे डिफेंस कॉरिडोर के पहले नोड की आधारशिला
- महोबा में अर्जुन सहायक परियोजना बुंदेलखंड को समर्पित करेंगे

## डीजीपी कांफ्रेंसः लखनऊ में शाह आज करेंगे उद्घाटन

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दोपहर दो बजे गोमती नगर विस्तार स्थित प्रदेश पुलिस के मुख्यालय में आयोजित पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) की 56वीं आल इंडिया कांफ्रेंस का उद्घाटन करेंगे। इस तीन दिवसीय कांफ्रेंस में 20 व 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। कांफ्रेंस में आंतरिक सुरक्षा व आतंकवाद समेत विभिन्न मुद्दों पर मंथन होगा। तीन दिन महामंथन पेज 02